सुविचार

जीवन में ज्यादा रिश्ते जरूरी नही हैं, पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना जरूरी है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 7, अंक-08 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 01 अप्रैल 2022 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 3 रुपये


## किस प्रकार की भू-संपत्ति अन्तरण (ट्रांसफर) योग्य नहीं है जानिए/Transfer of Property Act,1882....।



संपत्ति-अन्तरण अधिनियम,1882 का उद्देश्य यह है कि किसी भी व्यक्ति की चल एवं अचल संपत्ति का ट्रांसफर किस प्रकार किया जा सकता है एवं किस प्रकार की चल, अचल संपत्ति का अन्तरण नहीं किया जा सकता है ये सभी नियमों को संपत्ति अन्तरण अधिनियम में बताया गया है। आज हम सिर्फ आपको यह जानकारी देगे की किस प्रकार की भू संपत्ति का अन्तरण किसी अन्य को नहीं किया जा सकता है जानिए।

**संपत्ति अन्तरण अधिनियम,1882 की धारा 6 की परिभाषा-?**

अधिनियम की धारा 6 यह बताती है कि किस प्रकार की संपत्ति का अन्तरण नहीं किया जा सकता है, जानिए धारा 6 के अन्तरणीयता के अपवाद के अनुसार हिन्दू विधि में सेवाइती संपत्ति है उनका अन्तरण नही किया जा सकता है- राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की भूमि, अविभाज्य संपत्ति,राजमुकुट, राजगद्दी, देवोत्तर संपतियां। धारा 6 की उपधारा (ग) के अनुसार कोई सुखाचार या अनुसेवी संपत्ति का अन्तरण प्रारम्भ से ही अवैध होगा, अर्थात किसी को जीवन यापन के लिए सरकार दी गई संपत्ति या किसी को मालिक द्वारा किसी व्यक्ति को उपभोग के लिए दी गई सम्पति संपत्ति का अन्तरण नहीं किया जा सकता है इसमे इनामी भू संपत्ति भी हो सकती है।

**उधानुसार-** अंजनेयुलू बनाम श्री वेणुगोपाल- उक्त मामले में मद्रास हाईकोर्ट का यह निर्णय हैं कि किसी व्यक्ति को जमीन ईनाम में दी गई। उसे मंदिर में स्वस्तिवाचन करना था क्या इनाम अन्तरणी संपत्ति थी, मद्रास हाईकोर्ट ने ईनाम की संपत्ति को अन्तरणी सम्पदा नहीं माना क्योंकि यह ईनाम सेवा का फल था।

**नोट-** मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 181 के अंतर्गत सरकारी पट्टे की भूमि किसी भी प्रकार से अन्तरणी संपत्ति नहीं है क्योंकि संहिता की धारा 57 कहती है कि राज्य की समस्त भूमि संपत्ति राज्य की संपत्ति हैं इसी कारण सरकारी पट्टे की भूमि का ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह भूमि राज्य सरकार या कलेक्टर द्वारा दखल देने का अधिकार दिया जाता है।

**- लेखक बी.आर.अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## एमपी में 877 करोड़ के घोटाले की हकीकत

# जिन बांध-नहरों का काम ही शुरू नहीं हुआ, अफसरों ने कागजों में काम पूरा दिखाकर भुगतान भी कर दिया

**भोपाल।** प्रदेश की 7 सिंचाई परियोजनाओं में हुए 877 करोड़ रुपए के घोटाले में श्वह्ल्ड्ड की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों ने उन बांध-नहरों के लिए 877 करोड़ का भुगतान कर दिया, जिनका काम ही नहीं शुरू हो पाया। जांच में सामने आया कि सिर्फ तीन परियोजनाओं हनौता बांध सागर, वंडा बांध सागर, गोंड बांध सिंगरौली के लिए 479 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। जांच में सामने आया कि इंजीनियरों ने निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों को पहले शिथिल किया। इसके बाद मनचाही कंपनियों को करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया। सिंगरौली के गौंड बांध का अब तक काम ही नहीं शुरू हुआ, जबकि इसके लिए करोड़ों रुपए भुगतान कर दिए गए। श्वह्ल्ड्ड एसपी राजेश मिश्रा ने बताया कि जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर राजीव कुमार सुकलीकर, अधीक्षक यंत्री शरद श्रीवास्तव, शिरीष मिश्रा के खिलाफ केस रजिस्टर्ड किया गया है। एसपी ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने के बाद उन एजेंसियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, जिन्होंने भुगतान लेकर काम नहीं किया। एसपी ने बताया कि यह पहला मामला है, जिसमें केस दर्ज करने से पहले शासन से अनुमति प्रदान की गई।



### इन सात परियोजनाओं में गड़बड़ी

हनौता बांध पाइप नहर प्रणाली निर्माण सागर, बंडा बांध सागर, गौंड बांध सिंगरौली, निरुगुढ़ बांध बैतूल, घोंघरी बांध बैतूल, वर्धा बांध बैतूल, सीतानगर बांध दमोह के निर्माण कार्य एवं पाइप नहर प्रणाली में गड़बड़ी मिली है। भुगतान वर्ष 2018-19 के बीच किया गया है। कई बांधों की नहरों के पाइप खरीदने के लिए भुगतान किया गया है।

### बिना काम किए इन तीन परियोजनाओं में 479 करोड़ रुपए दिए

1. **हनौता सिंचाई परियोजना** बीना नदी पर ग्राम हनौता तहसील खुरई जिला सागर और विदिशा जिले के ग्राम गौड़खेरी के मध्य प्रस्तावित है। इससे 40 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होने का दावा है। इसमें 29 हजार 500 हेक्टेयर सागर जिले व 11 हजार 500 हेक्टेयर विदिशा जिले से संबंधित है। इस पर 1392 करोड़ 42 लाख रुपए की स्वीकृति सिंचाई विभाग ने दी है।

## अधिकारी के नोटिस या लिखित बुलावे पर हाजिर नहीं होने वाले व्यक्ति पर क्या कार्यवाही की जा सकती है जानिए/IPC.....।

*सरकार द्वारा सभी विभागों में प्राधिकारी होते हैं जो विधि द्वारा बनाए गए नियमो ,आदेशों,विनियमों को लागू करवाते हैं एवं कोई आम नागरिक उन अधिकारियों के वैध कार्यों की अवज्ञा करता है या अवमानना करता है या अवहेलना करता है तब ऐसे व्यक्ति को भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय 10 की धारा 172 से लेकर 190 तक लोकसेवक के विधिपूर्ण अधिकार को अवमानना करने के लिए दण्डित किया जा सकता है। आज हम बात करते हैं अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति को बुलावा के लिए या न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए भेजे गए समन, आदेश, नोटिस की अवमानना या अवहेलना करना मात्र करना कब अपराध होगा जानिए।*



***भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 172 की परिभाषा- ?***

*कोई भी व्यक्ति न्यायालयों, राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी या अन्य लोकसेवक के विधि पूर्ण अधिकार से भेजा गया लिखित बुलावा(समन),नोटिस, आदेश की अवमानना करेगा या उनका पालन नहीं करेगा जैसा लोकसेवक ने बताया है एवं आदेश, समन, नोटिस प्राप्त होने के पहले या बाद में कही छिप जाता है या भाग जाता है तब ऐसा व्यक्ति उपर्युक्त धारा के अंतर्गत दोषी होगा। न्यायालय द्वारा साक्षियों को गवाही के लिए एवं सक्ष्यो को सबूत के साथ पेश करने के लिए लिखित समन जारी करता है अगर व्यक्ति न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर नहीं होता है तब अवमानना या पालन नहीं करने वाला व्यक्ति उपर्युक्त धारा 172 के अपराध से दण्डनीय होगा।*

***भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 172 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान-?***

*इस धारा के अपराध किसी भी प्रकार से समझौता योग्य नहीं है,यह असंज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होंगे। इनकी सुनवाई कोई भी न्यायिक मजिस्ट्रेट कर सकता है।*

*सजा- इस अपराध की सजा को दो वर्गों में बाँटा गया है-*

*1. किसी भी प्रकार के अधिकारी के लिखित बुलावा, आदेश, नोटिस का पालन नहीं करने के लिए अधिकतम एक मास की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।*

*2. अगर न्यायालय द्वारा व्यक्तिगत उपस्थित होने के लिए कोई समन, सूचना भेजी गई है उसका पालन न करने पर अधिकतम छः माह कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।*

***- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामजिक कार्यकर्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)***

# जन आवाज मंच के विस्तार के क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय बैठकें व कार्यक्रम किये जा रहे

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

**भोपाल।** जन आवाज मंच के विस्तार के क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय बैठकें व कार्यक्रम किये जा रहे हैं इसी क्रम में पूर्व में कटनी, सतना, सीधी, व आज शहडोल जिले में व्योहारी ब्लॉक मुख्यालय में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन भोपाल के कार्यालय प्रभारी गोविंद सिंह लोधी के मुख्यातिथि के रूप में किया गया जिसमें शहडोल जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे जिसमें एन आर एल एम,संघ कम्प्युटर आपरेटर संघ ,रोजगार सहायक संघ ,पंचायत सचिव संगठन,भृत्य, चोकीदार,आगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका,आशा कार्यकर्ता संघ ,इंजीनियर,लेखपाल संघ ए डी ई ओ संघ पीसीओ, कर्मचारियों की मांगों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर मांगो के हल करने हेतु व जन आवाज मंच के विस्तार की रणनीति तैयार की गई,मैथिली शरण त्रिवेदी, विन्द्रावन राठौर,रामकृष्ण तिवारी, अमृतलाल गुप्ता,ववन सिंह ,रोहित सिंह परिहार,राकेश कुमार जाटव,यू एस पिन्द्रों,उपेंद्र सिंह जी सहित अनेकों कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।








## भोपाल, इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों में प्रापर्टी खरीदना महंगा, चुनींदा स्थानों पर 20 फीसदी तक बढ़ी गाइडलाइन

**भोपाल।** भोपाल, इंदौर सहित अन्य शहरी क्षेत्रों के चुनिंदा स्थानों पर शुक्रवार से भूखंड व मकान की रजिस्ट्री कराना महंगा हो गया है। सरकार ने प्रदेश की एक लाख 18 हजार लोकेशन में से छह से सात हजार जगहों पर पांच से 20 प्रतिशत कलेक्टर गाइड लाइन में वृद्धि को लागू करने का निर्णय किया है। यह दर जिला मूल्यांकन समिति ने प्रस्तावित की थीं, जिन्हें केंद्रीय मूल्यांकन समिति के अनुमोदन के बाद प्रभावी किया गया है।




महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक कार्यालय ने एक अप्रैल से लागू होने वाली कलेक्टर गाइड लाइन के संबंध में गुरुवार को कलेक्टरों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए। महानिरीक्षक पंजीयन एम सेलवेन्द्रन ने बताया कि कहीं पर भी अप्रत्याशित वृद्धि नहीं की गई है। सिर्फ उन्हीं स्थानों पर गाइडलाइन बढ़ी हैं, जहां रजिस्ट्री गाइडलाइन से अधिक दर पर हो रही थीं।

## चोरी का ढाई टन अवैध कोयला एवं एक पिकअप गाड़ी के साथ एक आरोपी गिरफतार



**कोरिया।** पुलिस अधीक्षक महोदय प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मधुलिका सिंह के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक महोदय कविता ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सोनहत के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी संजय कुमार चौधरी पिता राजमन चौधरी उम्र 42 वर्ष पौड़ी थाना सोनहत को एक बिना नंबर पिकअप गाड़ी में करीब 2~30 टन अवैध कोयला कीमती ?20000 एवं पिकअप गाड़ी के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 41 (1-4) सीआरपीसी/379 आईपीसी के प्रावधानो के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सोनहत शिव कुमार यादव , सहायक उपनिरीक्षक डीपी रवि, प्रधान आर. 09 संतोष सिंह , आर. खिलान सिंह पैकरा, एवं सैनिक रामचंद्र रजवाड़े की विशेष भूमिका थी।

## उपज बेचने के लिए किसानों को स्लाट बुक करने में आ रही परेशानी

**गंजबासौदा।** इसबार समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य 4 अप्रैल से शुरु होना है। खरीदी शुरु होने से पहले जिन किसानों ने अपनी उपज बेंचने के लिए पंजीयन कराया है। उन किसानों को पहले स्लाट बुक करानी पड़ रही है, तब कहीं जाकर संबंधित किसान अपनी उपज खरीदी केंद्र पर बेच सकेगा। लेकिन कई किसानों को उपज बेचने के लिए स्लाट बुक करने में परेशानी हो रही है। इस साल समर्थन मूल्य की खरीदी के लिए गंजबासौदा विकास खंड से 13 हजार 681 किसानों ने अपना पंजीयन करया है। जिसमें बासौदा से 9 हजार 822 और त्योंदा 3 हजार 859 किसान शामिल है। वहीं जिन किसानों का सत्यापन हुआ है उनमें गंजबासौदा के 5800 और त्योंदा के 2654 इस हिसाब से 65 फीसद किसानों के सत्यापन का काम हो गया है। वहीं क्षेत्र में इस बार जो खरीदी केंद्र बनाए गए हैं उनमें गेहूं के लिए बासौदा में 14 और त्योंदा में 5 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जिन पर किसानों की उपज खरीदी जाएगी। वहीं चना, मसूर और सरसों की खरीदी के लिए बासौदा में 10 और त्योंदा में 5 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं।

# पेट्रोल कम मात्रा में देने पर कर्मचारी व ग्राहकों में हो रहे विवाद



**गैरतगंज।** नगर के एक पंप पर कम मात्रा में पेट्रोल देने को लेकर कर्मचारी व ग्राहक के बीच हुए विवाद हो गया। तीखी झड़प का वीडियो गुरुवार को दिनभर इंटरनेट मीडिया में चर्चा का विषय रहा। दरअसल पंप कर्मी ने ग्राहक के वाहन में मीटर पर बिना शून्य किए कम मात्रा में दे दिया। जिसको लेकर ग्राहक ने आपत्ति दर्ज कराई। पंप कर्मी ने गलती मानने की बजाय उलटे ग्राहक से ही अभद्रता कर दी। जिसका वीडियो वायरल हुआ। स्थानीय लोगों ने इस वीडियो को देखकर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। जानकारी के अनुसार नगर के टेकापार इलाके में स्थित राजा फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे पंप कर्मी विपिन ने एक ग्राहक की बाइक में मीटर को बिना शून्य किए पेट्रोल डाल दिया। जिससे ग्राहक और पंप कर्मी में झड़प होने लगी। कुछ जागरूक लोगों ने इस घटनाक्रम का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में पंप कर्मी से कम तौल को लेकर ग्राहक आपत्ति जता रहा है। जिस पर वहां खड़े जागरूक लोग भी कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस आपत्ति पर पंप कर्मी ग्राहक से अभद्रता करने पर उतारू हो जाता है। वीडिया में पंप कर्मी विपिन को बेखौफ ढंग से यह कहते हुए दिखाया गया है कि हां हमने 60 रुपये का पेट्रोल कम डाला है जो दिखे वह आप कर सकते है।

## अनाज और समाज



खेतो में जो हाथ
अनाज उगाते हैं
समाज में वे कैसे
अछुत कहाते है,
इंसानो से भेदभाव
करने वालों ?
खेतो में यही अछुत
पसीना बहाते हैं
जिस्म से निकले
इनके नमक से ही समाज को अनाज
उपलब्ध हो पाते हैं
समाज में कैसे वे
अछुत कहाते है?
इनके उपजाये अन्न
खाकर ही सब अपने
परिजनो के भुख मिटाते हैं
जातिवादियों है तुममें
हिम्मत तो?
अनाज से भेदभाव
करके दिखाओ?
अछुतो के द्वारा उगाये
अन्न को मत खाओ
बिना अनाज के
कैसा समाज?
रहोगे भुखे तो बना
पाओगे कोई रिवाज?
संकिर्ण मानसिकता
के मनुवादियों
अनाज से भेदभाव
कब करोगे?
है मंजूर तो भुखे मरोगे
क्योंकि अनाज तो
श्रमिकों, अछुतों,मजदुरो
की देन है,
खेतो में यही अछुत
पसीना बहाते हैं
तब जाकर अनाज
उगाते हैं
समाज में वे कैसे
अछुत कहाते है।

-हरीश पांडल
विचार क्रांति

# पांच हजार से अधिक युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं से किया लाभान्वितः स्वास्थ्य मंत्री



**रायसेन।** रायसेन वन परिसर में बुधवार को आयोजित रोजगार दिवस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा कन्या पूजन और दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि आज रायसेन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में रोजगार दिवस मनाया जा रहा है। कलेक्टर अरविन्द कुमार दुबे ने बताया कि रोजगार दिवस के तहत जिले में आज पांच हजार से अधिक युवाओं, महिलाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए बैंकों के माध्यम से ॠण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि आज राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत सिलवानी तहसील की 100 अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग की महिलाओं के आस्था सामाजिक संगठन ग्राम सियरमऊ के मुर्गीपालन एवं हेचरी गतिविधि हेतु 40 लाख रुपये की परियोजना का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इस योजना में मनरेगा योजना के अंतर्गत 50 परिवारों को मुर्गी शेड का निर्माण भी कराया जा रहा है। रोजगार दिवस कार्यक्रम में सांची विकासखण्ड के 14 पशुपालकों को केसीसी कार्ड प्रदान किए गए तथा आचार्य विद्यासागर योजना के तहत दो हितग्राहियों को ॠण स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए। मप्र डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व.सहायता समूहों तथा महिलाओं को सात लाख 40 हजार रुपये की राशि स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इनके अतिरिक्त राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजनाए आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय पशुधन मिशनए स्ट्रीट वेण्डर योजना सहित अन्य स्वरोजगारमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## सगौर में 24.19 लाख की नलजल योजना का लोकार्पण

*स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने गैरतगंज तहसील के ग्राम सगौर में जल जीवन मिशन के तहत 24.19 लाख रुपये लागत के नलजल योजना रेट्रोफिटिंग कार्य का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं.बहनों को पानी के लिए हैंडपंपों, कुओं पर लाइन में ना लगना पड़े उन्हें परेशानी ना हो। इसके लिए जल जीवन मिशन के माध्यम से गांवों में प्रत्येक घर में नल के माध्यम से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर दुबे ने बताया कि ग्राम सगौर में योजना के तहत 2152 मीटर पाइप लाइन बिछाई गई है तथा 81 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम की नलजल योजना के सफल क्रियान्वयन और संधारण हेतु ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा प्रतिमाह जलकर की राशि 100 रुपये निर्धारित की गई है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम की पांच महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल परीक्षण करने का प्रशिक्षण दिया गया है।*

# प्रेरणा हिंदी राष्ट्रीय प्रचारणी सभा

आप प्रेरणा हिंदी प्रचार अभियान में शामिल होकर राष्ट्रभाषा के पद पर हिंदी को प्रतिष्ठित करने हेतु कार्य कर राष्ट्रीय यज्ञ में सहयोग प्रदान कर सकते है.......

विधान का स्वरूप

राष्ट्रीय कार्यसमिति में निम्नांकित पद हैं

1.संरक्षक मंडल
2. अध्यक्ष
3.कार्यकारी अध्यक्ष
4.राष्ट्रीय संयोजक
5.प्रांतीय संयोजक
6.क्षेत्रिय संयोजक
7.मीडिया प्रभारी
8.सलाहकार मंडल

आप पद अनुसार अपने क्षेत्र में हिंदी कार्यशाला, काव्य गोष्ठी/सम्मेलन स्वयं व मित्रों के सहयोग से आयोजित कर हिंदी प्रचार प्रसार में सहयोग प्रदान कर मां भारती की सेवा में हमें अमूल्य योगदान देते हुए अनुग्रहित करेंगे। संस्थापक प्रेरणा द्वारा आपको प्रेरणा कार्यक्रम में आमंत्रित कर आपको सम्मानित कर मार्गदर्शन प्राप्त करेगी। सदस्यता शुल्क स्वैच्छिक है।

जय हिन्द वन्देमातरम जय हिंदी
कवि संगम त्रिपाठी
संस्थापक प्रेरणा साहित्य संस्था
जबलपुर मध्यप्रदेश
संपर्क --9407854907

आप मां भारती के हिंदी सेवा कार्य हेतु संकल्पित है तो प्रारुप अनुसार वाट्सअप के माध्यम से प्रेषित करें...

नाम -श्री/श्रीमती/सुश्री-------------
पिता का नाम-श्री-----------
प्रेरणा कार्यभारित पद का नाम---
पता---------------शहर-------राज्य---पिन------------

मैं प्रेरणा हिंदी राष्ट्रीय प्रचारणी सभा में सम्मिलित होकर राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करुंगा/करुंगी।

धन्यवाद
दिनांक--

हस्ताक्षर

## नवरात्र पर सजा बाजार, महंगाई पर भारी आस्था का त्योहार

**विदिशा।** कोरोना महामारी के दो साल बाद जिले में चैत्र नवरात्र को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। कल शनिवार से शुरू होने वाले इस त्योहार को लेकर बाजार सज गए है। पेट्रोल- डीजल के दाम बढ़ने से इस त्योहार पर भी महंगाई की मार पड़ रही है। देवी की पूजन सामग्री से लेकर उपवास में खानपान की वस्तुओं के दाम 20 प्रतिशत तक बढ़ गए है लेकिन श्रद्धालुओ की श्रद्धा महंगाई पर भारी पड़ रही है।

# गेहूं बेचने 10 हजार किसानों ने कराए स्लाट बुक, चना खरीदी केंद्रों पर अभी भी सन्नाटा



**विदिशा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी आगामी 4 अप्रैल से शुरू होगी, इससे पहले ही जिले में 10 हजार से अधिक किसानों ने स्लाट बुक करा लिए हैं, इधर चना और मसूर खरीदी केंद्रों पर 11 दिन बाद भी सन्नाटा पसरा हुआ है। हालात यह हैं कि 69 में से अभी तक पांच ही केंद्रों पर आंशिक चना की खरीदी की जा सकी है। इसका कारण सर्वेयरों की कमी बताई जा रही है। बता दें कि इस साल जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 4 अप्रैल से की जाएगी, इसके लिए 199 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 150 केंद्र वेयरहाउसों पर बनाए गए हैं। हाल ही में इमलिया सोसायटी के केद्र में भी बदलाव करते हुए अन्नापूर्णा वेयर हाउस को खरीदी केंद्र बनाया है। खाद्य अधिकारी रश्मि साहू ने बताया कि अच्छी गुणवत्ता का गेहूं 2 हजार 15 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब स 16 मई तक खरीदी की जाएगी, शनिवार और रविवार को खरीदी नहीं होगी, अभी तक 10 हजार किसानों ने स्लाट बुक करा लिए हैं, जिनकी खरीदी तय तारीख पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि साढ़े पांच लाख टन गेहूं खरीदी के लिए हमारे पास वारदाना भी उपलब्ध है।

### 11 दिन में डेढ़ सौ क्विंटल हुई चना खरीदी

जिले में 21 मार्च से चना और मसूर की खरीदी शुरू हो चुकी है, लेकिन पिछले 11 दिन में मात्र पांच केंद्रों पर ही डेढ़ सौ क्विंटल की खरीदी हुई है। इसका कारण सर्वेयरों की कमी बताई जा रही है। खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना है कि जब तक उन्हें सर्वेयर नहीं मिलते वह किसानों को मैसेज भी नहीं करेंगे। हालांकि कृषि उप संचालक पीके चौकसे का कहना है कि हमें 69 में से 15 सर्वेयर मिल चुके हैं, लेकिन किसान अभी गेहूं की कटाई और मंडी में बेच रहा है जिससे केंद्रों पर खरीदी प्रभावित हो रही है, उन्होंने बताया कि आगामी तीन दिन में सभी केन्द्रों पर सर्वेयर पहुंच जाएगें।

# सोमनाथ मंदिर के किनारे होगी अमृत की स्वरधारा

**▪ संगीत नाटक अकादमी द्वारा गुजरात में आयोजित होगा नृत्य-संगीत महोत्सव अमृत स्वरधारा**



**नई दिल्ली।** नृत्य और संगीत भारतीय संस्कृति और त्योहारों का एक अभिन्न अंग रहा है। भारत के मंदिरों और राज दरबारों में भी संगीत और नृत्य कलाओं के प्रदर्शन करने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। इन कलाओं को प्रस्तुत करने के लिए पहली बार सोमनाथ मंदिर के तट को चुना गया है, जो स्वयं ही भारत की एक अमूल धरोहर है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी भक्ति नृत्य और संगीत उत्सव अमृत स्वरधारा का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन 26 मार्च से 30 मार्च 2022 तक इतिहास में पहली बार सोमनाथ मंदिर के तट पर श्री सोमनाथ न्यास, गुजरात सरकार के सहयोग से किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नई दिल्ली, मणिपुर, तमिलनाडु, नागालैंड, उड़ीसा, गुजरात और उत्तर प्रदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## दोहराई जाएंगी परंपराएं

इस अमृत स्वरधारा उत्सव में भारत के सभी कोनों से कई प्रमुख नृत्य कलाओं जैसे भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, कथकली, मोहिनीअट्टम, मणिपुरी, सत्रिया और ओडिसी जैसे पारंपरिक नृत्य दिखाए जाएंगे। इसके साथ ही संगीत नाटक अकादमी उत्तर-पूर्वी राज्यों के पारंपरिक नृत्यों जैसे पुंग चोलम, मणिपुर का ढोल नृत्य, ढोल चोलम, मयूरभंज छऊ नृत्य और ओडिशा के गोटीपुआ नृत्य से भी लोगों को रूबरू कराया जाएगा। इतना ही नहीं गरबा, डांडिया-रास और गुजरात के लोक नृत्य जैसे टिप्पनी, तेलंगाना का प्राचीन लोक नृत्य पेरनी तांडवम भी महोत्सव के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा।

**भजन और लोकगीत भी होंगे प्रस्तुत:** अमृत स्वधारा के दौरान संगीत क्षेत्र से भक्ति निर्गुण भजन, बुंदेलखंड का आल्हा गायन दर्शकों को सुनाया जाएगा। मध्ययुगीन मौखिक परंपराएं, महाभारत पर आधारित कथात्मक लोक गीत, पांडवानी और चेंडा मेलम, केरल राज्य का पारंपरिक ऑर्केस्ट्रा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के भक्ति गीत, नंदा जैसी अनेक मन मोहक प्रस्तुतियां दर्शकों को दिखाई जाएंगी। अमृत स्वरधारा के आयोजन में जिला प्रशासन, गिर सोमनाथ, गुजरात सरकार और श्री सोमनाथ न्यास ट्रस्ट का भी विशेष सहयोग है। संगीत नाटक अकादमी की सचिव टेमसुनारो जमीर ने बताया कि यह आयोजन भारत और इसकी संस्कृति को संरक्षित करने की ओर एक सफल प्रयास साबित होगा।

# नगर परिषद डोला में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने बाहरी कर्मचारियों का किया विरोध




**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद ग्राम पंचायत डोला को नगर परिषद में तब्दील किया गया जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके वही नगर परिषद का दर्जा प्राप्त होते ही ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए अपने चहेतों को संविलियन के रूप में रखा जब धीरे-धीरे इसकी जानकारी स्थानी लोगों को लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया तो वही अपनी बुद्धि और विवेक लगाते हुए सभी को भ्रमित कर सचिव द्वारा दैनिक वेतन भोगी के रूप में कुछ लोगों को रखकर मामले को शांत करने का भी प्रयास किया गया कुछ दिनों तक मामला शांत रहा लेकिन जैसी पूरे मामले की जानकारी स्थानीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पड़ी तो उन्होंने बाहरी कर्मचारियों का विरोध करना शुरू कर दिया है।

**स्थानीय नेताओं ने साधी चुप्पी दैनिक कर्मचारियों ने किया विरोध:** ग्राम पंचायत से नगर पंचायत में उनयन होने पर डोला में चोरी-छिपे कुछ तथकथित नेताओं की संलिप्तता के आधार पर बाहरी लोगों को भर्ती कराते हुए स्थानीय लोगों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री के आदेश की अहवेलना कर नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अपने रिश्तेदारों व चाहेतो को भर्ती करा कर यहां के गरीब व आदिवासी रहवासियों के साथ छल कर उनके अधिकारों पर डाका डालने का कार्य किया गया है मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद भी इन आदिवासियों के अधिकारों को बचाने के लिए सत्ता संगठन शून्य होता नजर आ रहा है।

**बाहरी व्यक्तियों का विरोध रहेगा जारी:** स्थानीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि बाहरी व्यक्ति का हम सब 24 मार्च 2022 से लगातार विरोध कर रहे हम सभी कोरोना काल के दौरान अपनी व अपने परिवार की जान जोखम में डाल कर कार्य किये जो घर पर बैठकर पैसा लेते रहे आज अपना अपना मेडिकल लेकर परिषद में आ रहे है व अधिकारी बन रहे हैं हम सभी बाहरी व्यक्तियों का विरोध करते हैं और करते रहेंगे।





**चुनिंदा कर्मचारी फेर रहे पानी:** नगर परिषद डोला में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे युवाओं का कहना है कि हमारे नगर परिषद डोला के 15 वार्ड में से जो भी लड़के व लड़कियों का संविलियन या दैनिक वेतन भोगी में नाम है हमारा विरोध उन लोगों से नहीं है हमारा विरोध सिर्फ और सिर्फ बाहरी व्यक्तियों से है जिनमें राजनगर,बिजुरी,डूमरकछार,कोतमा भालूमाडा,पसान,अनूपपुर,बुढार धनपुरी,शहडोल,जबलपुर के लोगों का है हमारी मांग है कि शासन के द्वारा जो गाईईलाईन है कि स्थानीय युवाओं को पहली प्राथमिकता दी जाए लेकिन यहां पर बाहरी व्यक्तियों का आधार कार्ड वोटर आईडी में पता चेंज करा कर भर्ती किया गया है जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा किये जाने पर पूरी हकीकत सामने आ सकती।

**अपने सगे संबंधी व रिश्तेदारों का किया गया संविलियन:** ग्राम पंचायत डोला को नगर परिषद मे तब्दील के बाद कुछ दैनिक वेतन भोगी नगर परिषद डोला में रखे जाने थे जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जानी थी लेकिन स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता ना देकर ग्राम पंचायत के चुनिंदा कर्मचारियों के द्वारा अपने ही खास लोगों को दूरदराज से बुलाकर उन्हें नौकरी देने का काम किया गया एवं कुछ लोगों को मानदेय कर्मचारी, सफाई कर्मचारी,वाहन चालक, इलेक्ट्रिशियन,बनाकर फर्जी तरीके से मानदेय कर्मचारी बता कर संविलियन किया गया जोकि पूरी तरह से गलत हैं।

**युवा कांग्रेस महिला शक्ति शिवसेना के जम कर किया था विरोध:** वही संविलियन के खिलाफ युवा कांग्रेस महिला शक्ति शिवसेना ने जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यालय में पुतला दहन कर जोर दार विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें तीन सदस्यीय संयुक्त टीम गठित की गई और देर सबेर संयुक्त टीम के द्वारा जांच में नगर परिषद के मानदेय कर्मचारी व सरपंच दोषी पाए गए जिनके ऊपर गलत तरीके से संविलियन भर्ती के आरोप भी सिद्ध हुए और निलंबन की कार्यवाही भी की गई अभी भी जांच की प्रक्रिया समाप्त नहीं हुई है जांच अभी चल रही हैं।

# वॉलीबॉल खेल के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे- सुनील सराफ







*राजनगर। विधानसभा क्षेत्र कोतमा विधायक कप 2021-22 के अंतर्गत 26 से 27 मार्च दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन रविवार को सायं 7 बजे से वॉलीबॉल ग्राउंड, दुर्गा पंडाल के पास, न्यू राजनगर थाना के पीछे राजनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सराफ रहे। विशिष्?ट अतिथि जिला वॉलीबॉल के संघ संरक्षक लक्ष्मण राव,जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा , पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेश जयप्रकाश अग्रवाल, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कांग्रेस करतार सिंह, मनोज सराफ,मनोज सोनी, रामाधार गौतम, जगदीश पटेल, रामपाल, नबी रसूल, बाबा भाई, मुख्य नगरपरिषद अधिकारी बनगवां राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मुख्य नगरपरिषद अधिकारी डोला मुनेंद्र प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस हरि शंकर दुबे, श्रीमती विमला पटेल, लल्ली बाई, पी.डी मिश्रा, गुलरेज, वरिष्ठ नागरिक रामकुमार तिवारी उपस्थित रहे। विधायक कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सराफ ने खेल को बढ़ावा देने की बात कही बिजुरी तक तथा कोतमा में खेल ग्राउंड में उचित संसाधन उपलब्ध कराने की बात भी कही, खिलाड़ियों के लिए हर संभव अधिकार क्षेत्र तक तथा अधिकार क्षेत्र के बाहर तक की मदद करने की बात कही। इस कोरोना वायरस के समय में सबसे ज्यादा नुकसान खिलाड़ियों का हुआ है 2 वर्ष से किसी भी खेल का आयोजन न होने से खिलाड़ी मायूस नजर आ रहे थे 2 वर्ष बाद यह बड़ा आयोजन होने के बाद खिलाड़ियों में एक उत्साह देखने को मिला पुनः ऐसे ही बड़े आयोजन शीघ्र किये जाएंगे जिससे कि क्षेत्र के युवाओं का खेल और भी प्रभावित हो एवं उनका मनोबल बढ़ता रहे फाइनल मैच में पहुंचे खिलाड़ियों को सुनील सराफ द्वारा बताया गया कि खेल में कोई हारता नहीं है एक जीतता है तो एक सीखता है खेल के माध्यम से जीवन में हमें यह सीख मिलती है कि हार एवं जीत की परिस्थिति में इंसान को सामान्य रहना चाहिए! दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजनगर विधायक कप में पुरुषों की कुल 22 टीमों ने भाग लिया। महिलाओं की कुल 4 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पुरुषों की टीम में अंतिम मैच राजनगर और बिजुरी में चला। जिसमें राजनगर की टीम 2-1 से विजयी हुई। महिलाओं की टीम में राजनगर और बिजुरी की टीम फाइनल में पहुंची। जिसमें बिजुरी की टीम 2-0 से विजयी हुई।*

*इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव व जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने वॉलीबॉल खेल के विकास तथा खिलाड़ियों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के संबंध में विचार रखे। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए मंच उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने मंशा व्यक्त की कि जिले में प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी मंच उपलब्ध न होने से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पाते हैं। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीमों को ट्राफी, मेडल ,प्रमाण पत्र एवं वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। अतिथियों के कर कमलों से निर्णायकों को भी खेल विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। विधायक कप प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित कराने में जिला खेल और युवा कल्याण विभाग के रामचन्द्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक, दिनेश कुमार सिंह चंदेल मिथलेश सिंह नेताम खेलन प्रसाद कोल एवं अभिषेक राजन जी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर का दिशा निर्देश मिलता रहा एवं प्रतियोगिता के संचालन में इनके द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई । इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान ब्लॉक अध्यक्ष राजनगर हरिशंकर दुबे मंडल अध्यक्ष राजनगर राजू श्रीवास्तव अश्वनी कुमार यादव अजय सिंह सुमित राय विकास श्रीवास्तव आलोक सिंह मयूर सक्सेना मुकेश राजभर आकाश गुप्ता मकसूद आलम इमरान खान समय पटेल अजाक पंकज उपाध्याय पंकज सिंह मंजीत भारती रामजी बिंद अयाज महमूद अजय श्रीवास्तव प्रियंका सिंह प्रीति यादव का रहा!*

## अनुपपुर कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के युवा जिला अध्यक्ष अश्वनी यादव को बनाया गया



**अनूपपुर/राजनगर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा प्रकोष्ठ की अनूपपुर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें पिछड़ा वर्ग युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष राजनगर निवासी अश्वनी कुमार यादव को बनाया गया जिला अध्यक्ष की घोषणा के बाद नगर सहित जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं नगर वासियों एवम जिले के पदा अधिकारी के कांग्रेस जिला अध्यक्ष विधायक फुनदेलाल मार्को विधायक कोतमा सुनील सराफ पूर्व जिला अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मनोज सराफ,ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर दुबे,ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा मनोज सोनी, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव निरंजन यादव,यूथ कांग्रेस महासचिव अमित सेन गुप्ता,राजेश श्रीवास्तव,राहुल सिंह परिहार, हर्षित तिवारी,समय पटेल, बिपिन दुबे,गौरव मेहता,मनोहर जयसवाल, शिवम् दिवेदी,अजय सिंह,आकाश गुप्ता,मुकेश राजभर, दाउ,मंजीत,प्रफुल्ल,आकाश,मकसूद,पंकज,हेमेंद्र ,समेत युवाओं के द्वारा सोशल मीडिया,आदि माध्यमों से बधाइयां दी गई।

## बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे बिजलीकर्मी



**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी के लिए काम करने वाले कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। ऊंचे ऊंचे बिजली के खंभों पर चढ़कर बिजली का सुधार करने के लिए ये केवल एक सीढ़ी के सहारे डटे रहते हैं। दुर्घटनाएं होने के बाद भी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों को काम करते हैं जिम्मेदार बिजली कंपनी हादसे का इंतजार करती है। बुधवार की दोपहर को विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के ठीक सामने विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्युत लाइन से पेडों की टहनियों को हटाने का काम किया जा रहा था। इस दौरान दो कर्मचारी लकड़ी की सीढ़ी को पकड़े हुए थे जबकि एक कर्मचारी सीढ़ी पर चढ़कर विद्युत लाइन से पेड़ की टहनी को हटा रहा था। ठीक उसी के पास से हाई टेंशन लाइन निकली हुई है। जबकि इन कर्मचारियों को काम करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना चाहिए। विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उनके द्वारा सुरक्षा उपकरण दिए जाने के बाद भी ये कर्मचारी लापरवाही करते हुए काम कर रहे हैं। कि कंपनी के स्टोर रूम में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण होने के बाबजूद भी कर्मचारियों द्वारा जान जोखिम में डालकर लाइट सुधारने, पेड़ से टहनियों को हटाने का काम करते हैं।

**▪ समाधान तुंहर दुआर शिविर के आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही अगले ही दिन से शुरू, कलेक्टर के निर्देश ग्रामीणों को मिले शतप्रतिशत लाभ साप्ताहिक समयसीमा की बैठक सम्पन्न**

# कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को कटे-फटे होंठ, तालु, क्लबफुट की समस्या से पीड़ित बच्चों का चिन्हांकन करने के दिए निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मंथन सभाकक्ष में साप्ताहिक सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले में कटे-फटे होंठ, तालु, क्लबफुट की समस्या से पीड़ित बच्चों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बच्चों का चिन्हांकन सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों का जल्द इलाज कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने एनीमिया मुक्त कोरिया अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय के साथ महिलाओं के पोषण और हीमोग्लोबिन सुधार के लिए डाइट प्लान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार से आंगनबाड़ियों के माध्यम से कार्ययोजना पर अमल करना शुरू किया जाएगा। जिले में महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में सकारात्मक प्रयास करते हुए हीमोग्लोबिन जांच की जा रही है और एनीमिक महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में आईवी आयरन सुक्रोस के निःशुल्क डोज़ और आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव, प्रसवपूर्व देखभाल, जननी शिशु सुरक्षा योजना, एवं मातृत्व वंदना योजना की जानकारी ली और हितग्राहियों को इनका लाभ सुनिश्चित करें। समाधान तुंहर दुआर शिविर के आवेदनों के निराकरण की





कार्यवाही अगले ही दिन से सुनिश्चित करें - कलेक्टर की विशेष पहल पर जिले में पंचायत स्तर पर समाधान तुंहर दुआर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां यथासंभव मौके पर ही प्रकरणों का निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने बैठक में शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन प्रकरणों में समय अवधि की मांग होती है, उन आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही अगले ही दिन से प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविर में मिले पेंशन, नवीन राशनकार्ड व राशनकार्ड में नाम जोड़ने जैसे आवेदनों के निराकरण की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में हैंडपम्प के सुधार की समीक्षा करते हुए ईई पीएचई और सीईओ जनपद पंचायत को गुणवत्तापूर्ण हैंडपम्प सुधार हेतु शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना ना करना पड़े। हैंडपम्प सुधार कर संबंधित अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी समीक्षा

*कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों से स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी की समीक्षा की। नगरनिगम चिरमिरी आयुक्त ने बताया कि निकाय के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, वॉल पेंटिंग, नालों की सफाई, रात्रिकालीन शहरी क्षेत्र की सफाई आदि की जा रही है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कृषि एवं क्रेडा विभाग के विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन में संतोषजनक प्रगति ना होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वंतरि मेडिकल योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, गोबर खरीदी एवं भुगतान, वर्मी खाद निर्माण एवं विक्रय, रबी फसलों के लिए खाद एवं बीजों की उपलब्धता, स्लम पट्टों को भूमिस्वामी हक परिवर्तन शिविर, स्कूलों में शौचालय उन्नयन के कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

## देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का आज से दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को शहडोल संभाग मे शिवसेना का समर्थन



**अनूपपुर।** विदित हो कि श्रम कानून मे बदलाव, पब्लिक सेक्टर कंपनियों का निजीकरण, कोल इण्डिया मे 11 वाँ वेतन समझौता का फैसला न करना, पुरानी भूमिगत खदानो को निजी हांथो मे बेचना जैसे कई अहम मुद्दो पर देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनो द्वारा 28 व 29 मार्च-2022 को बैंक, टेलीकॉम, कोयला उद्योग इत्यादि सेक्टरों मे राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है, उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुये मध्यप्रदेश शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष व शहडोल संभाग के प्रभारी बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर ने ट्रेड यूनियनो के राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सही मानकर समर्थन दिया है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता राजवीर पनिका ने अपने बयान मे कहा कि भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीति के कारण आज शासकीय धरोहर बिकती जा रही है, केंद्र सरकार ने सख्त और ससख्त कानून लाने का वादा किया था, मगर कानून को कड़ा न कर पाने की स्थिति मे साथ ही भ्रष्टाचार पर लगाम न लगा पाने की स्थिति मे मजदूरों की परवाह किये बिना ही पब्लिक सेक्टर कंपनियों को निजी हांथो मे बेचती जा रही जो कि पूरी तरह केंद्र सरकार की विफलता को प्रदर्शित करता है, आगे शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि ट्रेड यूनियनो के उक्त हड़ताल को शहडोल संभाग मे शिवसेना समर्थन करती है, राजवीर पनिका द्वारा दो दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिये 28 व 29 मार्च-2022 को काम पर न जाने के लिये कामगारों से अपील भी किया है ।



## रामनगर में आयोजित हुआ मां कर्मा जयंती का भव्य आयोजन समाज के वरिष्ठ जन महिला युवा बच्चे हुए शामिल

**सतना।** तैलिक साहू समाज की आध्यात्मिक देवी दिव्य शक्ति माँ कर्मा जयंती कार्यक्रम साहू समाज इकाई रामनगर के तत्वाधान में आयोजित की गई जयंती के अवसर पर वरिष्ठ जन महिलाओं बच्चों ने भाग लिया रामनगर में पहली बार मां कर्मा जयंती का आयोजन हुआ समाज में काफी उत्साह के साथ जयंती का आयोजन किया साथ में सभी लोगों एकजुटता एक स्वर के साथ बंसी लाल साहू जी के आवाहन पर समाज में संगठित रहना हुआ एक दूसरे की मदद के लिए संकल्प लिया मां कर्मा जयंती के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रेनू साहू महिला मंडल का संरक्षक व श्रीमती अर्चना साहू जी महिला अध्यक्ष घोषित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बंसीलाल साहू जी रीवा विशिष्ट अतिथि श्री रामसुशील पटेल पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, श्री शुभम साहू सतना, श्री विजय मोदी जी श्री शिवचरण शिक्षक एवम आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू श्री रामयश ,छोटेलाल जी, अम्बुज साहू गोलू साहू, युवा समाजसेवी अनिल साहू दिनेश साहू जितेंद्र दशरथ कालू साहू उमेश जी कोमलचंद्र,मोहनलाल साहू एवं महिला मोर्च अध्यक्ष श्री मति रेनूसाहू व साहू समाज के लोगो की उपस्थिति रही मंच संचालन अम्बुज साहू एवं श्री आर सी साहू जी के द्वारा किया गया।



**मितानिन बहनों का होगा अपना स्वयं का सर्वसुविधायुक्त भवन - गुलाब।**

# विधायक कमरो ने जनकपुर में किया भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**कोरिया।** भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने सुदूर वनांचल क्षेत्र भरतपुर में अपने चार दिवसीय जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की सौगात दी वहीं जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका समाधान भी किया। इस दौरान वे जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भी रूबरू हुए। बुधवार को विधायक कमरो ने जनकपुर में मितानिन बहनों के लिए 10 लाख की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त भवन कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया वहीं ग्राम पंचायत देवगढ़ स्थित शासकीय हाई स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई




करने एवं अपने माता-पिता का सपना साकार करने को कहा। उन्होंने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र की बेटियां अब साइकिल से सुगमतापूर्वक स्कूल आना-जाना कर सकेंगी और उनकी पढ़ाई में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा। विधायक गुलाब कमरो ने जनकपुर सामुदायिक भवन में आयोजित दिव्यांग शिविर एवं समाधान तुंहर दुआर का शुभारंभ किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे समाधान तुंहर दुआर शिविर की सराहना की और कहा कि यथासंभव मौके पर ही प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। यह प्रशासन की अच्छी पहल है। विधायक ने शिविर में ग्रामीण जनों से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में उन्होंने हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक और पट्टा का भी वितरण किया। शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में सतत विकास में शिक्षा की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में विधायक गुलाब कमरो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला को संक्षेप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा एक सशक्त समाज बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान कौशल, मूल्यों और कार्यों के विकास को प्रोत्साहित करती है।

## संपादकीय

### हिजाब प्रकरण दर्शाता है कि कुछ लोग अलग दिखने की जिद पर अड़े हुए हैं?



भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां सभी धर्मों और संप्रदायों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। सभी को अपने-अपने धर्म के अनुसार धार्मिक कार्य करने एवं जीवन यापन करने का अधिकार प्राप्त है। परन्तु कुछ अलगाववादी शक्तियों के कारण देश में किसी न किसी बात को लेकर प्राय विवाद होते रहते हैं। इन विवादों के कारण जहां शान्ति का वातावरण अशांत हो जाता है, वहीं लोगों में मनमुटाव भी बढ़ जाता है। ताजा उदाहरण है हिजाब प्रकरण। कर्नाटक के उडुपी से प्रारंभ हुआ हिजाब प्रकरण थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध लगाने को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को खारिज कर दिए जाने के पश्चात यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय का कहना है कि छात्रों को स्कूलों में हिजाब नहीं, यूनिफॉर्म पहननी होगी। न्यायालय का कहना है कि हिजाब पहनना इस्लाम की अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। हिजाब मामले में राज्य के एडवोकेट जनरल प्रभुलिंग नवादगी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के सामने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य अंग नहीं है और इसके उपयोग पर रोक लगाना संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं है। उन्होंने कहा कि हिजाब धर्म के पालन के अधिकार के अंतर्गत दिखावे का भाग है। पूर्ण पीठ में न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋतुराज अवस्थी, न्यायाधीश जेएम काजी एवं न्यायाधीश कृष्णा एम दीक्षित सम्मिलित हैं। एडवोकेट जनरल ने कहा कि सरकार का आदेश संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन भी नहीं करता। यह अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूनिफॉर्म के बारे में सरकार का आदेश पूरी तरह शिक्षा के अधिकार कानून के अनुरूप है और इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि उडुपी के सरकारी प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज में यूनिफॉर्म का नियम वर्ष 2018 से लागू है, परन्तु समस्या तब प्रारंभ हुई जब विगत दिसंबर में कुछ छात्राओं ने प्राचार्य से हिजाब पहनकर कक्षा में जाने की अनुमति मांगी। इस पर उनके अभिभावकों को कॉलेज में बुलाया गया और यूनिफॉर्म लागू होने की बात कही गई, परन्तु छात्राएं नहीं मानीं और उन्होंने विरोध आरंभ कर दिया। जब मामला सरकार के संज्ञान में आया, तो उसने मामले को तूल न देने की अपील करते हुए एक उच्च स्तरीय समिति बनाने की बात कही। किन्तु छात्राओं पर इसका कोई प्रभाव नहीं हुआ। जब मामला बढ़ गया, तो सरकार ने 5 फरवरी को आदेश देकर ऐसे किसी भी वस्त्र को पहनने से मना कर दिया, जिससे शांति, सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही हो।

# बिम्सटेक सम्मेलन ने सदस्य देशों के कई अनसुलझे मुद्दों को सुलझा दिया

*श्रीलंका बिम्सटेक का मौजूदा अध्यक्ष सदस्य देश है। सभी जानते हैं कि बिम्सटेक के गठन का मकसद बंगाल की खाड़ी देशों पर केंद्रित एक क्षेत्रीय सहयोग वाला मंच बनाना है, जहां बैठकर सभी सदस्य अपनी समस्याएं एक-दूसरे से साझा करते हैं। विकट समस्याओं का समाधान खोजते हैं। ये सम्मेलन करीब चार साल बाद आयोजित हुआ है। हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहुंचे हुए हैं, बीते मंगलवार को हुई बैठक में उन्होंने अपनी बात मंच पर साझा की जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, अफगानिस्तान के मौजूदा हालात और खाड़ी देशों में पनपते नए किस्म के आतंकवाद पर सभी सदस्य देशों का ध्यानाकर्षण करवाया। वैसे, अबकी बार के शिखर सम्मेलन का विषय 'बिम्सटेक-एक क्षमतावान क्षेत्र, समृद्ध अर्थव्यवस्था और स्वस्थ लोग पर रखा गया है जिनमें इन्हीं मुद्दों पर मंथन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बुधवार को वर्जुअल तरीके से दिल्ली से जुड़े। बहरहाल, हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचकर जो मानवता का परिचय दिया है उसे चीन भी देख रहा है और बाकी मुल्क भी।*

कोलंबो में 18वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन चल रहा है। श्रीलंका में इस सम्मेलन के आयोजन का खास मकसद भी है। पड़ोसी मुल्क इस वक्त भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में उन्हें आर्थिक संकट से उबारने के लिए हिंदुस्तान ने बड़ी आर्थिक मदद की है। मदद, शिखर बैठक से पहले इसलिए की है ताकि दूसरे सदस्य देश भी प्रेरित होकर सहायता कर सकें। क्योंकि बिम्सटेक सम्मेलन का मकसद भी तो एक-दूसरे का सहयोग करना ही है। श्रीलंका को इस समय सहयोगी देशों से मदद की दरकार है। भारत ने श्रीलंका को एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया है और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए अलग से पचास करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता का आर्थिक राहत पैकेज भी भेजा है। इस पर श्रीलंका सरकार और उनके विपक्षी नेताओं के साथ-साथ आर्थिक विश्लेषकों ने जमकर भारत सरकार की सराहना की है। सराहना की भी जानी चाहिए, संकट के दौर में उन्होंने संबल जो दिया है। वरना, तो दूसरे मुल्क सिर्फ हवा-हवाई बातों से ही पेट भरते रहते हैं। चीन उनमें अव्वल है।




श्रीलंका बिम्सटेक का मौजूदा अध्यक्ष सदस्य देश है। सभी जानते हैं कि बिम्सटेक के गठन का मकसद बंगाल की खाड़ी देशों पर केंद्रित एक क्षेत्रीय सहयोग वाला मंच बनाना है, जहां बैठकर सभी सदस्य अपनी समस्याएं एक-दूसरे से साझा करते हैं। विकट समस्याओं का समाधान खोजते हैं। ये सम्मेलन करीब चार साल बाद आयोजित हुआ है। हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहुंचे हुए हैं, बीते मंगलवार को हुई बैठक में उन्होंने अपनी बात मंच पर साझा की जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, अफगानिस्तान के मौजूदा हालात और खाड़ी देशों में पनपते नए किस्म के आतंकवाद पर सभी सदस्य देशों का ध्यानाकर्षण करवाया। वैसे, अबकी बार के शिखर सम्मेलन का विषय 'बिम्सटेक-एक क्षमतावान क्षेत्र, समृद्ध अर्थव्यवस्था और स्वस्थ लोग पर रखा गया है जिनमें इन्हीं मुद्दों पर मंथन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बुधवार को वर्जुअल तरीके से दिल्ली से जुड़े। बहरहाल, हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचकर जो मानवता का परिचय दिया है उसे चीन भी देख रहा है और बाकी मुल्क भी। बिम्सटेक सम्मेलन का आयोजन कह लें या उनका दौरा ऐसे वक्त में हुआ, जब संकट से निपटने में श्रीलंकाई सरकार पूरी तरह से असक्षम है। तभी उनकी जनता आक्रोशित हुई पड़ी है। महंगाई आसमान छू रही है और चारों तरफ अफरातफरी का आलम बना हुआ है। लोग ईंधन और गैस की कतारों में लगे, उनसे छुटकारा चाहते हैं, साथ ही लंबे वक्त से बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं, इन सभी समस्याओं से निजात चाहते हैं श्रीलंकाई लोग। इसलिए वहां जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर वहां विरोध कर रहे प्रमुख विपक्षी नेताओं से भी मिले हैं उनको बिगड़े हालातों से रूबरू कराया है। उनके समझाने पर वो लोग माने हैं। साथ ही उन्होंने ये भी भरोसा दिया कि जो भी संभव मदद होगी, वह भारत करेगा। संकट में श्रीलंका एक बात अच्छे से समझ गया। चीन की चालाकी से वाकिफ हो गया है। आर्थिक संकट के बीच चीन ने साथ नहीं दिया। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक वह हर तरह की मदद की बात कहता आया था। श्रीलंकाई वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे हमारे विदेश मंत्री को ऐसे वक्त में एक सहयोगी के रूप में देख रहे हैं जब उनकी सरकार के खिलाफ आवाम हमलावर है। ऐसे पहले भी कई मौके आए हैं जब भारत ने ही श्रीलंका का सहयोग किया। ये बात श्रीलंका का एक-एक बच्चा जानता है। लोग राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से सत्ता से हटने की अपील कर रहे हैं। राजपक्षे के नेतृत्व वाले सत्तारुढ़ परिवार को अपनी अक्षमता के लिए इस्तीफा देने को बोल रहे हैं। हालात सुधर जाए इसी उद्देश्य से श्रीलंका ने बिम्सटेक का आयोजन अपने यहां करवाया है। कोरोना के चलते ये बैठक नहीं हुई थी। खाड़ी मुल्कों के लिए बिम्सटेक सम्मेलन बहुत जरूरी होता है।

> **बिम्सटेक में भारत की अहम भूमिका होती है, सभी सदस्य देश उनकी तरफ ही ताकतें हैं। क्योंकि समृद्धि के हिसाब से वही सबसे बड़ी ताकत है।**

बैठकें नहीं होने से भारी नुकसान हुआ है। चार वर्ष पूर्व काठमांडू में आयोजित हुए सम्मेलन में कुछ मुद्दे उठे थे। लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। कोरोना के चलते तय मसले नहीं सुलझे। पर, शायद अब कुछ हो। तब, सदस्य देशों ने कृषि में स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति और बीज क्षेत्रों के विकास सहित क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण जैसे अन्य पहलुओं पर भारत की ओर से आवाज उठाई गई थी जिस पर सभी एकमत हुए थे। साथ ही खाड़ी देशों के मध्य पशुधन-पोल्ट्री के क्षेत्रों में सहयोग व जलीय जंतु रोगों और जलीय कृषि में जैव सुरक्षा व सटीक खेती को बढ़ावा देने के लिए डिजिटलाइजेशन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी। फिलहाल मौजूदा सम्मेलन के कुछ और मुद्दे इनमें जुड़ेंगे। कुल मिलाकर अगले कुछ वर्षों के लिए ये सभी मसले हल करने की चुनौती होगी। लेकिन सबसे पहले अध्यक्ष देश श्रीलंका को आर्थिक संकट से उभारने के लिए सभी सदस्य देशों को मिलकर सहयोग करना होगा। बिम्सटेक में भारत की अहम भूमिका होती है, सभी सदस्य देश उनकी तरफ ही ताकतें हैं। क्योंकि समृद्धि के हिसाब से वही सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए बैठक में भारत जिन मसलों को उठाता है, सभी मुल्क बिना सोचे समझे हामी भरते हैं। उनको पता है भारत जो भी मुद्दे मंच पर रखेगा उससे सबका भला होगा। बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार व थाईलैंड ने कभी भी किसी मसले का आज तक विरोध नहीं किया। हां, एक बार चीन के इशारे पर नेपाल ने जरूर थोड़ा विरोध किया था, लेकिन उनका विरोध ज्यादा देर टिका नहीं। नेपाल समय रहते चीन की चालाकी से वाकिफ हो गया था। इस बार के सम्मेलन में अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए करीब 14 से 15 प्रमुख आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। सबसे बड़ी चिंता अब नए किस्म के आतंकवाद को लेकर है जो ना सिर्फ खाड़ी देशों को परेशान किये हुए है बल्कि समूचे एशिया के लिए चुनौती बना हुआ है। अफगानिस्तान और यूक्रेन की घटनाओं ने बिम्सटेक देशों को सोचने पर मजबूर किया है। समय ऐसा है कि अब सबको तगड़ी एकता दिखानी होगी। इसके लिए सभी देशों को आपसी व्यापार, संपर्क और सांस्कृतिक, तकनीकी और आर्थिक विकास को सामूहिक रूप से आगे बढ़ाना होगा। कोरोना के चलते प्रभावित हुए व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, परिवहन, पर्यटन और मत्स्य पालन को भी नए सिरे से गढ़ना होगा।

# कश्मीर फाइल्स ने सच उजागर किया तो सेकुलर गैंग में मच गयी दहशत

कोरोना महामारी का दौर हल्का हो जाने के बाद भारतीय फिल्म उद्योग जगत में भी हलचल दिखायी पड़ने लगी है। विगत दो वर्षों से कोई भी फिल्म थिएटर में रिलीज नहीं हो पा रही थी, अब सिनेमा जगत की रौनक लौट रही है और फ़िल्में बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो रही हैं, दर्शक भी सिनेमा घरों में वापस आ गये हैं। 11 मार्च को देशभर के कुछ ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई ÷द कश्मीर फाईल्स÷ अब बहुत बड़ी फिल्म बन चुकी है। विश्वव्यापी प्रशंसा के साथ-साथ फिल्म ने कमाई का नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। यह फिल्म कश्मीर में हिंदुओं पर पर हुए भीषणतम अत्याचारों की मार्मिक कहानी है। फिल्म ने एक ऐसा सच उजागर कर दिया है जिसे आज तक पूरी ताकत के साथ छुपाया जाता रहा है लेकिन



कहा जाता है कि सत्य को बहुत दिनों तक छुपाया नहीं जा सकता और वह एक न दिन बाहर आ ही जाता है। द कश्मीर फाईल्स ने वही काम कर दिखाया है। विवेक अग्निहोत्री की यह फिल्म देखने के लिये पूरा देश सिनेमाघरों की ओर उमड़ पड़ा है। फिल्म ने अपनी लागत से 20 गुना कमाई करने वाली फिल्म जय संतोषी मां का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह फिल्म अब बहुत तेजी से लोकप्रियता का शिखर छू रही है और दूसरी आने वाली फिल्मों पर भी दबाव बन गया है। ÷द कश्मीर फाईल्स÷ ने सिनेमा जगत के लिये एक लकीर खींच दी है। जो सेकुलर मीडिया जमात इन हृदय विदारक घटनाओं पर मौन हो थी अब उसी को फिल्म और कश्मीर की घटनाओं पर घंटों चर्चा करनी पड़ रही है। अब मीडिया कश्मीर में पंडितों के साथ घटी घटनाओं का सच खोज रहा है और उसे दिखाने का साहस भी जुटा पाया है नहीं तो अभी तक यही धारणा थी कि कश्मीर में कुछ हुआ ही नहीं और सभी कश्मीरी पंडित तो अपनी स्वेच्छा से पलायन कर गये। लेकिन अब सच उजागर हो चुका है। फिल्म के दृश्यों को देखकर आँखों में आंसू भी आ रहे हैं और सवाल भी कि आखिर उस समय जो अत्याचार हो रहे थे उस समय की सरकारों ने कार्यवाही क्यों नहीं की? आज ÷द कश्मीर फाईल्स÷ का विरोध वही लोग विरोध कर रहे हैं जो लोग अब तक यह छुपाते रहे हैं और अपनी राजनैतिक रोटियां सेकते रहे हैं।

# समान नागरिक संहिता की शुरुआत देवभूमि उत्तराखण्ड से होना सुखद संकेत



समान नागरिक आचार संहिता का मुद्दा आज एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल यह मुद्दा आज का नहीं है, यह अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के नजरिये से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित में चिन्तन, निर्णय एवं क्रियान्वयन की अपेक्षा है। भले ही भाजपा के लिये यह चुनावी मुद्दा रहा हो, लेकिन इसको लागू करने की अपेक्षा सभी जाति, धर्म, वर्ग, भाषा के लोगों के हित में है। हां, इसे लागू करने का साहस एवं दूरदर्शिता भाजपा और उसके नेता प्रदर्शित कर रहे हैं, यह स्वागतयोग्य है। इसे मजहब या साम्प्रदायिकता की राजनीति से ऊपर उठ कर पूरे देश की सामाजिक समरसता के नजरिये से देखा जाना चाहिए। संवैधानिक दृष्टि से भी यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि भारत का संविधान धर्म या जाति-बिरादरी अथवा स्त्री-पुरुष या क्षेत्रीय पहचान की परवाह किये बिना प्रत्येक नागरिक को एक समान अधिकार देता है। उत्तराखंड के पुनः मुख्यमन्त्री बने पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह राज्य में एक समान नागरिक आचार संहिता को लागू करने के अपनी पार्टी भाजपा के चुनावी फैसले को लागू करने का इरादा जाहिर किया है उसका देश के सभी राज्यों में बिना आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के स्वागत किया जाना चाहिए। भारत विविधताओं से भरा देश है। यहाँ विभिन्न पंथों व पूजा पद्धतियों को मानने वाले लोग रहते हैं। इन सबके शादी करने, बच्चा गोद लेने, जायदाद का बंटवारा करने, तलाक देने व तलाक उपरांत तलाकशुदा महिला के जीवनयापन हेतु गुजारा भत्ता देने आदि के लिए अपने-अपने धर्मानुसार नियम, कायदे व कानून हैं। तो उस समय उन्हें लगा पूरे देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक समान नागरिक आचार संहिता बनानी आवश्यक है।

# फोरलेन सड़क को लेकर क्षेत्रीय विकास परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी।** फोरलेन सड़क निर्माण कर रही निर्माण एजेंसी की मनमानी को लेकर नागरिको के द्वारा लगातार नाराजगी व्यक्त की जा रही है। बावजूद भी विभागीय अधिकारी निर्माण एजेंसी की मनमानी पर अंकुश लगाने में अक्षम साबित हो रहा है। निर्माण एजेंसी के द्वारा निर्माण के तय मापदण्ड का उपयोग ना किया जाकर घटिया निर्माण कार्य किया जाना बताया जा रहा है। जिसके चलते निर्माण कार्य गुणवत्ता की कसौटी पर खरा नहीं उतर पा रहा है। क्षेत्रीय विकास परिषद ने एसडीएम संघमित्रा बौद्ध को ज्ञापन सौंप कर निर्माण एजेंसी की कारगुजारियों को उजागर करते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा को गांधी चौराहे के बीचों बीच स्थापित किए जाने की मांग की है। सोमवार को दोपहर के समय एकत्रित हुए क्षेत्रीय विकास परिषद के पदाधिकारी व सदस्य प्रजा सेवक जैन, रामस्वरुप श्रीवास्तवए आरजी श्रीवास्तवए मुन्नाा खान मैकेनिकए सिंधई चंद्र कुमार जैनए फादर जॉन, भूपेंद्र श्रीवास्तव, आरके जैन, ओके मस्ताना, अनिल जैन, सुनील वैद्यराज, एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव आदि एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर एसडीएम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया है कि फोरलेन निर्माण एजेंसी के द्वारा आमापानी कालोनी से बजरंग चौराहा तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। 80 फीट प्रस्तावित सड़क निर्माण के स्थान पर मनमानी की जा रही है। सड़क के दोनों तरफ 35 गुणा 35 फीट पर नाली व 30 गुणा 30 फीट डामर रोड तथा डिवाइडर प्रस्तावित है। लेकिन निर्माण एजेंसी के द्वारा कहीं कम कही अधिक मार्ग निर्माण किया जा रहा है। निर्माण में समानता नहीं रखी जा रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गगा है कि गांधी चबूतरा पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को गांधी चबूतरा जो कि चौराहे के एक ओर है। चबूतरा पर स्थापित प्रतिमा को चौराहे के बीचों बीच स्थापित किया जाकर सुंदरीकरण किया जाए ताकि आवागमन व्यवस्थित हो सके।



## मां कर्मादेवी जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा

सिलवानी। साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों के अतिरिक्त अन्य समुदाय के लोग भी शामिल हुए। रथ में सजाए गए मां कर्मादेवी के चित्र की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर आरती उतारी। कार्यक्रम में पूर्व लोक निर्माण मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह शामिल हुए। जहां उन्होंने मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया एवं सभी समाज के लोगों को कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। पूर्व नप अध्यक्ष मुकेश राय, साहू समाज के नगर अध्यक्ष श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन व नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# सचिव की उपस्थिति में सर्वे कराएं, सर्वेकर्ता ठग भी हो सकते हैं- पटेल

**बाड़ी।** मंगलवार को जनपद पंचायत सभागार कक्ष में पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव रहे। अध्यक्षता प्रधान प्रशासनिक समिति जनपद पंचायत बाड़ी मकरंद सिंह पटेल ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पटेल ने कहा कि 2011 के सर्वे के आधार पर जो प्रधान ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास की सूची बनी थी वह पूर्ण हो गई है। अब पुनः सर्वे हो रहे हैं। बगैर सचिव की उपस्थिति में सर्वे नहीं कराएं। सर्वे कर्ता के रूप में ठग भी हो सकते हैं जो आपके कागजातों का गलत उपयोग कर सकते हैं। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कन्या पूजन की गई। गृह प्रवेश कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही जिनके द्वारा अपने घर पूर्ण कर लिए गए हैं के बधाई पत्र अतिथियों द्वारा दिए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि पहले कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ब्लॉक में एक या दो आवास आते थे। आज एक-एक ग्राम पंचायत में सैकड़ों प्रधानमंत्री आवास आ रहे हैं। विशेष अतिथि पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा देश और प्रदेश में जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रहीं जिनका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसी योजना है जो एक गरीब के उस सपने को पूरा कर रही है कि उसका भी पक्का घर हो। सविता कावरे ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद, सचिन साहू प्रबंधक राष्ट्रीय आजीविका मिशन सहित जनपद पंचायत स्टाफ उपस्थित रहा।







# चार गांवों में आग से 30 एकड़ गेहूं की फसल जली



**बेगमगंज।** कहीं शॉर्ट सर्किट तो कहीं नरवाई की आग किसानों को नुकसान पहुंचा रही है। ग्राम मरखंडी में 11 एकड़ में गेहूं की फसल अज्ञात कारणों से जलकर राख हो गई। वही ग्राम खजुरिया में 2 किसानों की 10 एकड़, झिरपानी में 7 एकड़ और घाना में 2 एकड़ की फसल भी नरवाई की आग के कारण जलकर खाक हो गई। लाखों रुपए का नुकसान सामने आया है। यदि समय रहते बेगमगंज, राहतगढ़, सिलवानी की दमकलें आग बुझाने नहीं पहुंचती तो भारी नुकसान सामने आ सकता था। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार अत्ताउल्लाह खान झिरपानी पहुंचे और हल्का पटवारी से नुकसानी पंचनामा बनाने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मरखंडी में चंद्रभान सिंह के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई 11 एकड़ के खेत में गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। करीब चार लाख का नुकसान आंका गया है। समय रहते नगर पालिका दमकल चालक समसुद्दीन खान फायरमैन अनिल राठौर चालक अजीज खान फायरमैन नीरज दुबे ने पहुंचकर साहस का परिचय दिया और आग को आगे बढ़ने से रोक दिया। जिससे आग अन्य खेतों तक नहीं पहुंच पाई। वही खजुरिया में नरवाई की आग से प्रशांत पटेल के 2 एकड़ का खेत और शिवनारायण तिवारी के 8 एकड़ के खेत में गेहूं की फसल में आग लग जाने से बेगमगंज और राहतगढ़ की दमकलों ने पहुंचकर तत्काल आग पर काबू पा लिया। जिससे आग आगे नहीं बढ़ पाई यहां भी करीब 10 लाख रुपये का नुकसान सामने आया है।













# व्यापमं पर कांग्रेस का प्रदर्शन:प्रदर्शनकारियों ने पीईबी के गेट पर ताला जड़ा; पुलिस कार्यकर्ताओं को घसीटकर कर ले गई

**भोपाल।** व्यापमं को लेकर अब यूथ कांग्रेस भी कूद गई है। गुरुवार दोपहर बाद यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता पीईबी के गेट पर ताला जड़ते हुए धरने पर बैठ गए। व्यापमं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस घसीटकर ले गई। प्रदर्शन के दौरान करीब 50 से 60 कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस ने 19 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस सभी को पुलिस वाहन में बैठाकर अपने साथ ले गई। उन्होंने शिवराज को व्यापमं का मामा बताते हुए स्क्क्रञ्जश्वञ्ज परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच की मांग की। धरने के बीच ही पुलिस ने मप्र यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया समेत अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।




## कैबिनेट मंत्री और ओएसडी के इस्तीफे की मांग

मप्र यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत और मुख्यमंत्री के ओएसडी लक्ष्मण सिंह की बर्खास्तगी जब तक नहीं हो जाती, तब तक निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। MP-TET की परीक्षा रद्द होनी चाहिए। भूरिया ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो कई मंत्री और अधिकारी घेरे में आ जाएंगे।

**पुलिस प्रशासन पर मारपीट का आरोप:** यूथ कांग्रेस की ओर से किए जा रहे प्रदर्शन के बीच ही पुलिस की एक वैन पहुंची, जिसमें प्रदर्शनकारियों को डालकर धरना स्थल से हटाया गया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोप लगाए कि पुलिस बलपूर्वक हमारी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। हमारे साथ मारपीट की गई। हमें डराया धमकाया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर मामले की जांच सही तरीके से नहीं की गई, तो अभी तो व्यापमं पर ताला लगाया है, अब मुख्यमंत्री आवास पर भी ताला जड़ देंगे।

# भांजे आहिल शर्मा के जन्मदिन पर जश्न मनाते दिखे सलमान खान



**बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी बहन अर्पिता के बच्चों के काफी करीब हैं। वह अक्सर अपने भांजे और भांजी के फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते रहते हैं। हाल ही में सलमान खान ने अपने भांजे आहिल के छह साल के होने पर आयोजित हुई उनकी जन्मदिन पार्टी का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आहिल के जन्मदिन पर किए गए खास इंतजाम दिख रहे हैं।**

*ऐसा लग रहा है मामू ने अपने भांजे के इस खास दिन को और भी खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सलमान खान ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें उनके साथ बहन अर्पिता भी दिखाई दे रही हैं, तो वहीं आहिल भी अपनी जन्मदिन पार्टी का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। इस पार्टी की थीम भी कुछ अलग ही थी। कभी कोई स्टंट करता दिख रहा था, तो कोई डांस कर रहा था। वीडियो में सलमान अर्पिता के साथ कुछ बात कर रहे हैं, जिनके साथ अर्पिता की बेटी आयत भी थी। वीडियो के आखिरी में सालमान खान के साथ कुछ लोगों का एक ग्रुप फोटो दिखाई देता है। इसके साथ ही आयुष शर्मा ने भी अपने बेटे के जन्मदिन पर कुछ वीडियो इंस्टा स्टोरी पर शेयर किए। एक वीडियो में जहां उनकी बेटी आयत सोहेल खान के साथ डांस करती दिखी, तो वहीं एक वीडियो में स्टंट करते हुए कुछ लोग नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही आयुष ने बेटे आहिल के बाल बनाते हुए एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें आहिल उन्हें ये कहते हुए नजर आए कि वह उनकी तरह दिखते हैं। आपको बता दें कि सलमान खान की बहन अर्पिता खान ने साल 2014 में आयुष शर्मा से शादी की थी। उनके बेटे आहिल का जन्म साल 2016 में हुआ। वहीं, तीन साल बाद 2019 में दोनों की बेटी आयत का जन्म सलमान खान के जन्मदिन पर हुआ था। सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो कटरीना कैफ के साथ उनकी 'टाइगर 3' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द फिल्म के सिनेमाघरों में आने की उम्मीद की जा रही है। वहीं, सलमान तेलुगू फिल्म 'गॉडफादर' में भी नजर आन वाले हैं।*



# मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने की मुलाकात



**चंडीगढ़** की हरनाज कौर संधू ने हाल ही में मिस यूनिवर्स का खिताब जीतकर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन कर दिया था। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं, लेकिन इस बार हरनाज एक और खास वजह से सुर्खियों में छाई हुई हैं। उन्होंने पंजाब के नए मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात की है। इस दौरान दोनों की बीच काफी देर तक बातचीत भी हुई। आम आदमी पार्टी और पंजाब सरकार के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से इसका वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया है, जिसमें हरनाज और मुख्यमंत्री भगवंत मान बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरनाज को दी बधाई-

सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर आप पार्टी की तरफ से हरनाज और पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात का एक वीडियो शेयर किया गया है, और इस वीडियो में दोनों मुख्यमंत्री रेजिडेंस में बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, मिस यूनिवर्स हरनाज़ कौर संधू ने सीएम भगवंत मान से आज उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें 21 साल बाद मिस यूनिवर्स का खिताब भारत वापस लाकर देश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। इस दौरान हरनाज के लुक में भी पंजाबी अंदाज देखने को मिला। वीडियो में देखा जा सकता है कि हरनाज एथनिक लुक में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इस खास अवसर पर पंजाबी फुलकारी के सूट में दिखाई दीं। इस ट्रेडिशनल लुक में अपने सिर पर मिस यूनिवर्क का ताज पहने हुए वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

## अप्रैल में शादी करने वाले हैं रणबीर-आलिया! पिता महेश भट्ट ने बताई सच्चाई

*बीते साल से ही मनोरंजन जगत में शादियों का सिलसिला जारी है। शादी के इस माहौल में कई जानी-मानी जोड़ियां शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। ऐसे में अब बॉलीवुड के एक और मशहूर कपल की शादी को लेकर भी फैंस बेताब हैं। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट के फैंस बीते कई समय से इनकी शादी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक इन दोनों की शादी को लेकर किसी भी तरह की कोई अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में सोशल मीडिया पर समय-समय पर इनकी शादी को लेकर कई तरह की खबरें वायरल होती रहती हैं। इसी क्रम में एक बार फिर रणबीर और आलिया की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं।*

# जान्हवी कपूर के साथ 'बवाल' मचाएंगे वरुण धवन, नई फिल्म की रिलीज डेट का किया एलान





**बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन** और अभिनेत्री जान्हवी कपूर पहली बार बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए आ रहे हैं। दोनों एक साथ फिल्म बवाल में दिखाई देंगे, जिसका एलान खुद वरुण धवन ने किया है। फिल्म का एलान करते हुए वरुण धवन ने रिलीज डेट भी बता दी है, जिसके बाद जान्हवी और वरुण के फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। वरुण धवन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर किया है, जिसके जरिए अभिनेता ने अपनी नई फिल्म बवाल का एलान किया है। इस पोस्टर में सिर्फ फिल्म, निर्देशक और कलाकारों के नाम लिखे हैं। इस पोस्टर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, अब होगा बवाल। नितेश तिवारी और साजिद नाडियाडवाला के साथ अगली फिल्म करने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हूं। 7 अप्रैल 2023 को आप लोगों से थिएटर में मिलने का इंतजार नहीं कर सकता हूं। वरुण और जान्हवी की फिल्म बवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनिंग नितेश तिवारी और साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। फिल्म बवाल अगले साल 7 अप्रैल को रिलीज हो रही है। फिल्म लव स्टोरी की कहानी पर आधारित होगी, जिसमें वरुण धवन और जान्हवी की दमदार केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। हालांकि, इसके अलावा वरुण धवन ने इस फिल्म से जुड़ी कोई जानकारी शेयर नहीं की है। वरुण धवन के वर्क फंट की बात करें तो वह फिल्म जुग जुग जियो में दिखाई देंगे। फिल्म में वरुण धवन के साथ कियारा आडवाणी, अनिल कपूर, नीतू कपूर भी दिखाई देंगी। इस फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है। इसके अलावा, वरुण धवन कृति सेनन के साथ फिल्म भेड़िया में नजर आएंगे। वहीं, जान्हवी कपूर फिल्म गुड लक जैरी और तख्त में दिखाई देंगी।

# सातवीं बार पेरेंट्स बनने जा रहा ये स्टार कपल, बोले- ये हमारे लिए सरप्राइज था



*हिलेरिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पिछले कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव के बाद हमारे पास एक रोमांचक खबर है। एक और बॉल्डविन आ रहा है। हमें यकीन था कि हमारा परिवार पूरा हो चुका है और हम इस सरप्राइज से बेहद खुश हैं...अनिश्चितता भरे समय के दौरान यह एक उपहार है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे दोनों अपने बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं।*

## दूसरी पत्नी हैं हिलारिया बॉल्डविन

*63 साल के एलेक बॉल्डविन ने हिलारिया बॉल्डविन के साथ साल 2012 में दूसरी शादी की थी। एलेक बॉल्डविन और हिलारिया बॉल्डविन की उम्र में 25 साल का अंतर है। पिछले दिनों एलेक सेट पर गोली चलाने को लेकर चर्चा में थे। दरअसल फिल्म रस्ट के सेट पर अभिनेता एलेक बॉल्डविन से गलती से गोली चल गई थी। इस हादसे में फिल्म की सिनेमैटोग्राफर हलिना हचिन्स की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं इस घटना में फिल्म निर्देशक भी घायल हो गए थे। बाद में एलेक के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया था।*

# सस्ते में मिल रहा जियोफोन नेक्स्ट:कंपनी के ऑफिशियल प्लेटफॉर्म से 1309 रुपए सस्ता मिल रहा

**नई दिल्ली।** रिलायंस का जियोफोन नेक्स्ट ऑनलाइन बेहद कम कीमत में मिल रहा है। इस फोन को कंपनी ने 6,499 रुपए के प्राइस टैग के साथ लॉन्च किया है। इस स्मार्टफोन को खरीदने के लिए पूरी रकम एक साथ देने की जरूरत नहीं है। इसे 1,999 रुपए के डाउन पेमेंट पर खरीदा जा सकता है। हालांकि, कई ऑनलाइन रिटेलर्स इस स्मार्टफोन को कंपनी से भी कम कीमत पर बेच रहे हैं। जैसे शॉपदवर्ल्ड से इसे 5,190 रुपए में खरीद सकते हैं। यानी 1,309 रुपए का फायदा मिलेगा।

**ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग कीमत:** रिलायंस के इस जियोफोन नेक्स्ट की अलग-अलग ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीमत भी अलग-अलग है। जैसे, अमेजन इंडिया से इस फोन को 5,450 रुपए में खरीदा जा सकते हैं। तो रिलायंस डिजिटल से इसे 6,499 रुपए में खरीदा जा सकता है। जब आप गूगल पर ब्द्धश्‍ phone ne&t सर्च करके शॉपिंग कैटेगरी पर जाएंगे तब कई प्लेटफॉर्म पर इसकी कीमत को देखा जा सकता है। स्नैपमिंट श्वस्ब्ढ स्टोर इसे 5,545 रुपए में बेच रही है। वहीं, शॉपदवर्ल्ड से इसे 5,190 रुपए में खरीद सकते हैं।

**जियोफोन नेक्स्ट के सस्ते होने की वजह:** जियोफोन नेक्स्ट को कंपनी के ऑफिशियल स्टोर से चार श्वस्ब्ढ प्लान के साथ खरीदा सकते हैं। सभी श्वस्ब्ढ पर कंपनी फ्री डेटा और फ्री कॉलिंग भी ऑफर कर रही है। यानी फोन खरीदने के बाद रिचार्ज के लिए अलग से पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है।



### जियोफोन नेक्स्ट के फीचर्स और इसके श्वस्ब्ढ प्लान के बारे में जानिए।

**बॉक्स :** फोन के बॉक्स की बात की जाए तो इसके फ्रंट पर जियोफोन नेक्स्ट लिखा है। सामने की तरफ फोन का मॉडल है। वहीं, नीचे की तरफ क्रिएटेड विद गूगल लिखा है। आपको बता दें कि इस फोन को जियो के साथ गूगल ने तैयार किया है। फोन के दोनों साइड में जियो की ब्रांडिंग है। वहीं बैक साइड में नेक्स्ट लेवल एक्सपीरियंस के साथ फोन के फीचर्स का जिक्र किया गया है। यहां क्वालकॉम और प्रगति ओएस का भी जिक्र है।

**फोन का डिजाइन:** बात करें फोन के डिजाइन को इसके फ्रंट साइड में लगभग बेजललैस स्क्रीन दी है। ऊपर की तरफ एक फ्रंट कैमरा, माइक्रफोन, स्पीकर जैसे एलीमेंट दिए गए हैं। फोन के बैक साइड मे 13 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है। कैमरा लेंस के ठीक नीचे स्श्वष्ठ फ्लैश दिया है। इसके नीचे की तरफ जियो का लोगो दिया है। वहीं, सबसे नीचे स्पीकर ग्रिल दी है।

**चार्जर और केबल :** फोन के साथ एक ब्लैक कलर का चार्जर और ब्लैक कलर की केबल दी है। ये ऑर्डिनरी चार्जर है। यानी आपको फास्ट चार्जिंग नहीं मिलेगी। हालांकि, कंपनी का कहना है कि सिंगल चार्ज पर स्मार्टफोन का बैकअब 36 घंटे का है।

**ऑपरेटिंग सिस्टम :** जब फोन के पहली बार ऑन किया जाता है तब इस पर जियोफोन नेक्स्ट के साथ क्रिएटेड विद गूगल लिखा आता है। जिसकी ठीक बाद प्रगति ओएस लिखा आता है। नीचे की तरफ पावर्ड बाय एंड्रॉयड का ज्रिक किया गया है। इस ओएस का गूगल ने तैयार किया है। फाइनल फोन ऑन होने से पहले स्क्रीन पर जियो का लोगो भी दिखाई देता है।

**रिमूवेबल बैटरी मिलेगी :** फोन के बैक कवर को यूजर हटा सकता है। इसमें रिमूवेबल बैटरी दी है, जिसे खराब होने पर आप आसानी से निकाल पाएंगे। बैक कवर हटाने के बाद सिम और माइक्रो स्ष्ठ कार्ड लगाने का स्लॉट भी नजर आता है।

### जियोफोन नेक्स्ट के फीचर्स

इसमें 5.45-इंच की HD टचस्क्रीन दी है। जिसे गोरिल्ला ग्लास-3 का प्रोटेक्शन दिया गया है। फोन में 2त्नक्च रैम, 32त्नक्च स्टोरेज, 512त्नक्च तक सपोर्ट करने वाला स्ष्ठ कार्ड स्लॉट, मल्टीटास्किंग के लिए 64 बिट सीपीयू के साथ क्वाड कोर क्यूएम 215 चिपसेट दिया है। फोन में 13 मेगापिक्सल का रियर और 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलेगा। ये नाइट मोड, पोट्रेट मोड और ॥ष्ठक्र मोड को सपोर्ट करता है।

## देश में बढ़ रहा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन : यूपीआई ट्रांजेक्शन चार साल में दोगुना हुआ




**नई दिल्ली।** यूपीआई ने देश में कैशलेस इकोनॉमी को बढ़ावा दिया और डिजिटल लेनदेन आसान बना दिया। इसके चलते बीते चार साल में वैल्यू के हिसाब से रिटेल डिजिटल पेमेंट में यूपीआई की हिस्सेदारी दोगुनी से ज्यादा हो गई; लेकिन बैंकों, एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियों की फी इनकम करीब एक तिहाई घट गई। इन्हें यूपीआई ट्रांजेक्शन से आय नहीं होती है। दरअसल, मुफ्त और आसान सर्विस के चलते यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल साल दर साल तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 9 महीनों में ही पर्सन-टू-मर्चेंट पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी 42त्न हो गई, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 28त्न थी। स्थिति यह है कि वैल्यू के हिसाब से फरवरी में करीब 80त्न रिटेल डिजिटल पेमेंट यूपीआई प्लेटफॉर्म के जरिये हुए।

### बैंकों की फी इनकम घटी

विश्लेषकों के मुताबिक, यूपीआई ट्रांजेक्शन बढ़ने से बैंकों की फी इनकम घटी है। मसलन, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एक्सिस बैंक की कुल फी इनकम में रिटेल कार्ड फी के तौर पर होने वाली आय घटकर 1.9त्न रह गई जो चार साल पहले 2.5त्न थी। अन्य बैंकों की भी मोटे तौर पर यही स्थिति है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के विश्लेषकों ने एक नोट में लिखा है, 'पेमेंट प्रोसेसिंग बिजनेस में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यूपीआई के माध्यम से ट्रांजेक्शन बढ़ने की वजह से पूरे इकोसिस्टम में पेमेंट्स फी के तौर पर होने वाली आय लगातार घटती जा रही है।'

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत का असर:

# ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली कार में संसद पहुंचे नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को अपनी हाइड्रोजन से चलने वाली कार टोयोटा मिराई में संसद पहुंचे। गडकरी पेट्रोल-डीजल को छोड़ फ्यूल के नए ऑप्शन की हमेशा बात करते रहते हैं और अब उन्होंने हाइड्रोजन कार चलाकर बता दिया कि फ्यूल का फ्यूचर हाइड्रोजन ही है। गडकरी के मुताबिक आत्मनिर्भर बनने के लिए, हमने ग्रीन हाइड्रोजन को पेश किया है जो पानी से पैदा होता है। यह कार पायलट प्रोजेक्ट है। अब देश में ग्रीन हाइड्रोजन का बनना शुरू होगा। ज्यादा इंपोर्ट पर रोक लगेगी और रोजगार के नए मौके मिलेंगे। गडकरी ने बताया कि भारत सरकार ने 3000 करोड़ रुपए का मिशन शुरू किया है और जल्द ही हम हाइड्रोजन को एक्सपोर्ट करने वाले देश बन जाएंगे। (देश में) जहां भी कोयले का इस्तेमाल होगा वहां ग्रीन हाइड्रोजन का इस्तेमाल किया जाएगा। जनवरी में ही मंत्री ने बता दिया था कि वह जल्द ही दिल्ली की सड़कों पर हाइड्रोजन से चलने वाली नई कार में दिखाई देंगे। ये कार जापान की टोयोटा कंपनी की है और हाइड्रोजन ईंधन फरीदाबाद स्थित इंडियन ऑयल पंप से भरा जाएगा।

### हाल ही में लॉन्च की थी टोयोटा मिराई

नितिन गडकरी ने इस महीने की शुरुआत में भारत का पहला हाइड्रोजन आधारित एडवांस्ड फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल टोयोटा मिराई लॉन्च किया। कंपनी का दावा है कि इस कार में सिर्फ पांच मिनट में ईंधन भरा जा सकता है। यह कार एक बार फुल टैंक ईंधन भरने पर 646 किमी तक की दूरी तय कर सकती है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी ने यह अध्ययन करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है कि टोयोटा मिराई भारतीय सड़कों और जलवायु परिस्थितियों के लिए कितनी सही है। गडकरी ने संसद में भी वैकल्पिक ईंधन के बारे में बात की और कहा कि ग्रीन ईंधन से इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल की कॉस्ट कम हो जाएगी, जिससे उनकी कीमत अगले दो वर्षों में पेट्रोल से चलने वाले व्हीकल्स के बराबर हो जाएगी। उन्होंने ने कहा ये वैकल्पिक ईंधन दिल्ली के प्रदूषण स्तर को भी नीचे लाएगा। गडकरी ने आगे बताया कि दो वर्षों के भीतर इलेक्ट्रिक स्कूटर, कार, ऑटोरिक्शा की कीमत पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर, कार, ऑटोरिक्शा के जैसी होंगी। लिथियम-आयन बैटरी की कीमतें कम हो रही हैं। हम जिंक-आयन, एल्यूमीनियम-आयन, सोडियम-आयन बैटरी की इस रसायन शास्त्र को विकसित कर रहे हैं। यदि पेट्रोल पर आप 100 रुपए खर्च कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर आप 10 रुपए खर्च करेंगे।




### बेहद खास है ये कार

*नितिन गडकरी ने 16 मार्च को टोयोटा मिराई फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक कार की खासियतों के बारे में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें इस कार की खूबियों के बारे में बताया गया है। ग्रीन हाइड्रोजन पारंपरिक ईंधन का एक ऑप्शन है जिसे किसी भी व्हीकल पर इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन मध्यम से लंबी दूरी की यात्रा के लिए काफी भरोसेमंद मानी जा रही है। ग्रीन हाइड्रोजन एक शून्य-उत्सर्जन ईंधन है। यानी इससे कोई प्रदूषण नहीं होगा। यात्रा के दौरान पानी के अलावा कोई उत्सर्जन नहीं होगा।*

## लॉन्चिंग से पहले लिस्टेड हुआ वनप्लस 10 प्रो.जर्मन वेबसाइट पर बिक रहा नया फ्लैगशिप मॉडल

**नई दिल्ली।** वनप्लस अपने नए फ्लैगशिप मॉडल वनप्लस 10 प्रो 31 मार्च को ग्लोबल लॉन्च करेगी। हालांकि, लॉन्चिंग इवेंट से पहले ही जर्मनी की वेबसाइट MediaMarkt.de ने इसकी लिस्टिंग कर ली है। इस स्मार्टफोन को चीन में 11 जनवरी को लॉन्च किया जा चुका है। फोन स्नैपड्रैगन 8 जनरेशन 1 प्रोसेसर के साथ रेट वाले एमोलेड डिस्प्ले से लैस है। ये 80 वॉट की चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है। जर्मन वेबसाइट ने फोन को 899 यूरो (करीब 75,100 रुपए) के साथ लिस्टेड किया है। ये फोन के 8GB रैम और 128GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत है। वहीं, चीन में इस फोन को CNY 4,699 (करीब 56,100 रुपए) की शुरुआती कीमत के साथ लॉन्च किया गया था। फोन के ग्लोबल वैरिएंट की शुरुआती कीमत क्या होगी इसका फैसला 31 मार्च के इवेंट में होगा। इस स्मार्टफोन में डुअल-नैनो सिम सपोर्ट दिया है। ये एंड्रॉयड 12 बेस्ड ष्टशद्यशह्रस् 12.1 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। फोन में स्नैपड्रैगन 8 जनरेशन 1 प्रोसेसर के साथ 12GB तक LPDDRz रैम दी है। फोन में 6.7-इंच QHD+ (1,440×3,216 पिक्सल) कर्व्ड LTPO 2.0 एमोलेड डिस्प्ले दिया है। इसकी डायनामिक रिफ्रेश रेट 1॥5 और 120॥5 के बीच है। फोन की पीक ब्राइटनेस 1,300 निट्स है।



**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )